SHRI P. WILSON (Tamil Nadu): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI A.A. RAHIM (Kerala): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI AJIT KUMAR BHUYAN (Assam): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI M. MOHAMED ABDULLA (Tamil Nadu): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

**Need to establish medical colleges in Tribal Aspirational Districts**

**डा. सुमेर सिंह सोलंकी** (मध्य प्रदेश) : माननीय सभापति महोदय, नर्मदे हर। महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन एवं सरकार का ध्यान एक विशेष और महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। सभापति महोदय, मध्य प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिलों में बड़वानी, धार, अलीराजपुर, झाबुआ, खरगोन आदि जिले आते हैं। मध्य प्रदेश के इन जिलों में वर्तमान समय में भौगोलिक स्थिति एवं जनसंख्या अनुपात को देखते हुए एक भी शासकीय मेडिकल कॉलेज नहीं है, जिससे इन क्षेत्रों के मेरे आदिवासी गरीब भाइयों और बहनों को आधुनिक चिकित्सा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

माननीय सभापति महोदय, मैं निमाड़ क्षेत्र के आदिवासी जिले से आता हूं, यहां के मेरे आदिवासी भाई-बन्धु पहाड़ी इलाकों में निवास करते हैं, जिनका जीवन पूर्णतः कृषि व कृषि मज़दूरी पर निर्भर करता है। वर्तमान समय में इस क्षेत्र के लोग कुछ गम्भीर अनुवांशिक बीमारियों, सिकल सेल आदि से प्रभावित हैं। आज़ादी के अमृतकाल के 75 वर्ष हो चुके हैं। इन आदिवासी बाहुल्य जिलों में एक भी शासकीय मेडिकल कॉलेज नहीं है, जिससे यहां पर उत्पन्न होने वाली गम्भीर बीमारियों की रोकथाम के लिए शोधकार्य नहीं हो पा रहे हैं। गम्भीर बीमारियों के उपचार के लिए अन्य महानगरों की ओर जाना पड़ता है, जो इन गरीब आदिवासी लोगों के लिए कष्टदायी और पीड़ादायी होता है। कई बार पैसों की कमी एवं समय पर उपचार न मिलने के कारण जान से हाथ धोना पड़ता है। जनजातीय क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर नहीं होने के कारण न जाने कितने ही भाई-बन्धु अनुवांशिक बीमारी का इलाज समय पर प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं।

माननीय सभापति महोदय, क्षेत्रीय ग्रामीण जनता द्वारा लम्बे अरसे से उक्त शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की मांग निरंतर की जा रही है, जो अभी तक लम्बित है। महोदय, माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आदिवासी भाइयों और बहनों का विकास हो रहा है। मुझे आशा है कि इन आदिवासी जिलों को मेडिकल कॉलेजेज़ मिलेंगे। मध्य प्रदेश में बड़वानी जैसे अन्य आकांक्षी जिले भी हैं। मैं वहां पर भी मेडिकल कॉलेज की मांग करता हूं। महोदय, यदि इन आदिवासी जिलों में नवीन शासकीय मेडिकल कॉलेजेज़ खोले जाएंगे तो आम

जनता के लिए परिणाम बहुत लाभकारी होंगे तथा ये स्वास्थ्य एवं चिकित्सा की दृष्टि से वरदान भी साबित होंगे। ...**(समय की घंटी)**...

महोदय, आम जनता की मांग को आपके समक्ष रखते हुए मैं आपके माध्यम से मध्य प्रदेश के निमाड़ क्षेत्र के इन आदिवासी जिलों सहित मध्य प्रदेश के आदिवासी जिलों में भाइयों और बहनों के लिए मेडिकल कॉलेज खोलने का निवेदन करता हूं, धन्यवाद। नर्मदे हर।

**श्रीमती फूलो देवी नेतम** (छत्तीसगढ़) : महोदय, मैं माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करती हूं।

DR. FAUZIA KHAN (Maharashtra): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

DR. KANIMOZHI NVN SOMU (Tamil Nadu): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

DR. SASMIT PATRA (Odisha): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

DR. AMAR PATNAIK (Odisha): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI P. WILSON (Tamil Nadu): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRIMATI JAYA BACHCHAN (Uttar Pradesh): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI SUJEET KUMAR (Odisha): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRIMATI SULATA DEO (Odisha): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI M. MOHAMED ABDULLA (Tamil Nadu): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.